# जहर खाकर 15 दिन की बेटी को लेकर निकली महिला, रास्ते में मौत

- गोद में बच्ची लिए 1 किलोमीटर चली
- पति के जाने के बाद निकली घर से





**देवास।** एक महिला ने सोमवार सुबह जहर खा लिया। जहर खाने के बाद वह 15 दिन की बेटी को गोद में लेकर घर से निकल गई। करीब 1 किमी दूर जमीन पर गिरी और उल्टी करने लगी। परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन उसकी जान नहीं बची। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है।

पुलिस के अनुसार-सुतारपुरा (पुंजापुरा) निवासी रामेश्वर सोमवार अलसुबह विवाह कार्यक्रम में शामिल होने खरगोन रवाना हुआ।

पति के जाते ही रेशमीबाई ने जहर पी लिया। बिना किसी को बताए, उसने सो रही अपनी 15 दिन की बेटी को गोद में उठाया और घर से निकल गई। तीन बेटियों की नींद खुली तो उन्होंने मां को आवाज लगाई। आसपास नहीं दिखने पर परिवार से पूछा। इसके बाद सभी उसे खोजने लगे।

## लोगों ने उल्टी करते देखा तो स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया

करीब एक किमी दूर वह सड़क किनारे उल्टी करते मिली। परिवार वाले उसे तत्काल बागली के स्वास्थ्य केंद्र लेकर गए, जहां से उसे देवास जिला अस्पताल रैफर कर दिया। जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों का कहना था कि पति-पत्नी में कोई विवाद नहीं था। रेशमीबाई ने ऐसा क्यों कदम उठाया, समझ नहीं आई।

राधाबाई ने बताया कि भाभी बेटी को लेकर घर से निकल गई थी। ढूंढा तो वह बच्ची को लेकर चल रही थी। बैठकर उल्टी करने लगी, बदबू आई तो समझ आया कि उसने कुछ जहरीला पदार्थ खाया है, सभी उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन रेमशीबाई को मृत घोषित कर दिया। राधाबाई ने बताया कि रेमशीबाई की तीन बेटियां थी, चौथी बेटी का जन्म 15 दिन पहले ही हुआ था। अभी तो उसका नाम भी नहीं रखा। तीन बेटियों के नाम चंदा, एश्वर्या और सीमा है। छोटी बेटी सुबह से रो रही है। श्यानीबाई ने बताया कि बेटा सुबह विवाह कार्यक्रम में शामिल होने खरगोन जाने का कहकर घर से निकला था। मैंने कहा था कि आते समय बेटियों के लिए कपड़े ले आना। गांव में शादी आएगी तो काम आएंगे। कुंवरसिंह ने बताया कि बहू रेशमीबाई ने हमें कुछ नहीं कहा, जब वह रास्ते में गिरी मिली तो उसके पास से दवा की बदबू आ रही थी।

### घर के पास ही जंगल में प्रसव हुआ था

परिजनों ने बताया कि घर पास ही जंगल में उनका परिवार महुआ बीनने जाता है। 15 दिन पहले ही रेशमीबाई का जंगल में प्रसव हुआ था। सास श्यानीबाई ने बताया कि बेटे और बहू घर से कुछ ही दूर रहते हैं। आज सुबह बेटियों ने आकर बताया कि मम्मी रेशमीबाई कहीं चली गई है। मैं नदी तक देखने भी गई थी। पति पत्नी के बीच कोई विवाद नहीं होता था। रविवार रात को मछली लाए थे, दोनों अच्छे से रह रहे थे, कुछ नहीं हुआ था।



# सड़क हादसे में महिला की मौत, दो घायल

**देवास।** हाटपीपल्या रोड स्थित मुंडला क्षेत्र में सोमवार दोपहर एक सड़क हादसे में 65 वर्षीय महिला की मौत हो गई, जबकि बाइक सवार दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों शादी समारोह से अपने गांव लौट रहे थे, तभी यह दुर्घटना हो गई।

जानकारी के अनुसार छोटी चुरलाई निवासी सुमित्रा बाई (65), देवेंद्र सिंह (45) और सुनीता बाई पति आनंद सिसोदिया भमोरी में एक शादी समारोह में शामिल होकर बाइक से वापस अपने गांव लौट रहे थे। सोमवार दोपहर मुंडला क्षेत्र में उनकी बाइक अचानक दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सका है।

घटना के बाद डायल 112 की मदद से तीनों को जिला अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने सुनीता बाई को मृत घोषित कर दिया। हादसे में घायल देवेंद्र सिंह और सुमित्रा बाई का अस्पताल में उपचार जारी है। दोनों की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंच गए। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

# बालगढ़ रोड पर झुग्गियों में भीषण आग, बछड़ा जिंदा जला

- नरवाई जलाने से हादसे की
- आशंका

**देवास।** बालगढ़ रोड स्थित खेत के पास बनी झुग्गियों में अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। आग इतनी तेज थी कि कुछ ही देर में कई झुग्गियां जलकर खाक हो गईं। इस दर्दनाक घटना में झुग्गी में बंधा एक गाय का बछड़ा जिंदा जल गया। बताया जा रहा है कि झुग्गियों में रहने वाले कुछ लोग पास ही एक शादी समारोह में गए हुए थे, जिसके कारण कई झोपड़ियां खाली थीं।

इसी दौरान आग लग गई और देखते ही देखते उसने विकराल रूप ले लिया। प्राथमिक जानकारी के अनुसार यह खेत बीज निगम का बताया जा रहा है। आसपास के लोगों का कहना है



कि खेत में नरवाई (फसल अवशेष) जलाने की बात सामने आई है।

आशंका जताई जा रही है कि इसी वजह से आग फैलकर झुग्गियों तक पहुंची। फिलहाल आग लगने के सटीक कारणों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची टीम ने आग पर काबू पाया। घटना की जांच की जा रही है।

# पुस्तक दिवस पर विधिक शिविर का आयोजन

**बागली।** न्याय का पथ विधि अध्ययन से आलोकित होता है। उक्त विचार जिला न्यायाधीश एस आर सीनम ने अभिभाषक संघ बागली द्वारा आयोजित समारोह में व्यक्त किये। इस अवसर पर जिला न्यायाधीश श्री सीनम वरिष्ठ व्यवहार न्यायाधीश बबीता प्रजापति नवागत न्यायाधीश निशा कुशवाह का स्वागत किया गया।

न्यायाधीश निशा कुशवाह ने अपने स्वागत के प्रत्युत्तर मैं कहा कि ईमानदारी और निष्ठा पूर्वक अपने दायित्व का निर्वाह करेगी। न्यायाधीश का स्वागत अभिभाषक संघ के अध्यक्ष कमलेश शर्मा सचिव गोपाल सेंधव अधिवक्ता समता राठौर आदि ने किया।

पुस्तक दिवस परआयोजित समारोह को संबोधित करते हुए वरिष्ठ न्यायाधीश बबीता प्रजापति नेविधि अध्ययन के क्षेत्र मेंपुस्तकों की महत्ता कोरेखांकित किया। समारोह को वरिष्ठ अधिवक्ता राजेंद्र ईनाणी सूर्य प्रकाश गुप्ता बसंती लाल मोदी पूर्व अध्यक्ष मुकेश गुर्जर एवं महेंद्र पाटीदार आदि ने संबोधित किया संचालन वरिष्ठ अभिभाषकप्रवीण चौधरी ने कियाऔर पुस्तक दिवसएवं पृथ्वी दिवस परआयोजित इस समारोह को गौरवशाली और अभूतपूर्व बताया।

आभार प्रदर्शन अभिभाषक संघ के अध्यक्ष कमलेश शर्मा ने किया।

## एक नजर में

### ग्राम पंचायत रोजगार सहायक ने फांसी लगाई



**सोनकच्छ।** जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत छायन मैना में रोजगार सहायक के पद पर पदस्थ रोजगार सहायक हुकम सिंह मालवीय 40 वर्ष निवासी छायन मैना ने सोमवार को अपने खेत पर पेड़ पर रस्सी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुचना पर सोनकच्छ पुलिस घटनास्थल पर पहुंची तथा शव को पेड़ से निचे उतरा कर पंचनामा बनाया तथा शव को पोस्टमार्टम हेतु सोनकच्छ सिविल अस्पताल लाया गया जहां पर पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया। अंतिम संस्कार ग्रह गांव छायन मैना में किया गया। पुलिस ने बताया कि आत्महत्या का कारण अज्ञात है और जांच जारी है, वहीं हुकम सिंह मालवीय के निधन से पंचायत सचिव संघ, रोजगार सहायक संघ में शौक़ की लहर दौड़ गई। दोनों संगठन के सदस्यों ने हुकम सिंह मालवीय को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

### हेमराज गोखले अजाक्स जिलाध्यक्ष नियुक्त



**देवास।** म.प्र.अजाक्स प्रांत द्वारा हेमराज गोखले को अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति अधिकारी कर्मचारी संघ जिला अध्यक्ष देवास नियुक्त किए जाने पर अजाक्स तहसील देवास एवं कबीर दीनोदय मासिक पत्रिका देवास द्वारा नवनियुक्त अध्यक्ष श्री गोखले का स्वागत किया गया। इस अवसर पर तेजकुमार चौहान,दयाराम मालवीय, छगनलाल सोलंकी, मेहरबान सिंह चौहान, राजेन्द्र कुमार सुमन, गोवर्धन लाल गेहलोत (समाज सेवी), सुरेश चन्द्र सोलंकी, भगवान सिंह धानक आदि उपस्थित रहे।

### कलेक्टर ने किया शोरूम का शुभारंभ



**देवास।** जिला कलेक्टर देवास ऋतुराज सिंह ने जिला मुख्यालय देवास पर गीता ई व्हीकल शोरूम का शुभारंभ किया शोरूम संचालक मध्य प्रदेश अटल भारतीय हिंदू फाउंडेशन के जिलाअध्यक्ष, भाजपा समर्थन मंच के प्रदेश अध्यक्ष, अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के जिला कोषाध्यक्ष, भाजपा किसान मोर्चा जिला कार्यालय मंत्री, भारतीय मजदूर संघ के कार्यकारी अध्यक्ष स्वावलम्बी भारत के जिला संयोजक रामेश्वर धाकड़ ने बताया कि शोरूम पर दो पहिया वाहन की बिक्री रहेगी। कम्पनी द्वारा 17 मॉडल निकाले गए है। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री मनीष सोलंकी, ज्योतिषाचार्य अजय कुमार सोनी, भागवताचार्य अजय शास्त्री, शैलेन्द्र सिंह पंवार सस्था राम राम, कम्पनी की और से रविन्द्र सिंह भदौरिया, सुभाष पाटिल विनोद निगम, साक्षी पाटिल भी कार्यक्रम के अतिथि थे। उद्घाटन के बाद सभी अतिथियों का स्वागत किया गया एवं चाय नास्ता करवाया गया। जिलाधीश से निवेदन किया गया की जमाना ईव्ही का है तो लोन प्रक्रिया मे परेशानी आती है। उनके द्वारा सीसीबी बैंक से तथा मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक से लोन करवाने का भरोसा दिया। शो रूम संचालक द्वारा आने वाले समय मे चार्जिंग स्टेशन भी बनाया जायगा। जिससे सडक पर गुजरने वाले इ व्हीकल चार्ज किये जा सके।

# पटलावदा में सड़क हादसे में मामा-भांजे की मौत

**देवास ।** पटलावदा क्षेत्र में जवाईखेड़ी मोड़ पर रविवार शाम एक सड़क हादसे में मामा-भांजे की मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना में एक सात वर्षीय बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। तीनों एक बाइक पर सवार होकर लौट रहे थे। मृतकों की पहचान बगाना निवासी 38 वर्षीय राजेश पिता रामचंद्र और जैतपुरा निवासी 50 वर्षीय पूंजराज परमार के रूप में हुई है। घायल बच्चे का नाम 7 वर्षीय शिवम सोलंकी है। ये तीनों देवास में एक रिश्तेदार महिला का हालचाल जानने के बाद वापस लौट रहे थे।

शाम को लौटते समय पटलावदा के पास जवाईखेड़ी मोड़ पर एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि राजेश और पूंजराज ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

गंभीर रूप से घायल शिवम को तत्काल देवास जिला अस्पताल ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे इंदौर रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और उसकी तलाश शुरू कर दी है।

# श्रीमंत कुश्ती महोत्सव में बवाल, खिलाड़ियों ने किया हंगामा

- श्रीमंत कुश्ती महोत्सव में बवाल, खिलाड़ियों ने किया हंगामा



**देवास।** शहर के एलएनबी क्लब में आयोजित श्रीमंत कुश्ती प्रतियोगिता के दौरान रविवार देर रात अचानक विवाद की स्थिति बन गई। कार्यक्रम के बीच बाहर से आए पहलवानों और आयोजकों के बीच कहासुनी इतनी बढ़ गई कि मामला हिंसक हो गया और मौके पर जमकर हंगामा हुआ।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, 45 किलो वर्ग में 55 किलो के खिलाड़ी को उतारने को लेकर खिलाड़ियों ने आपत्ति जताई और आयोजकों पर धोखाधड़ी के आरोप लगाए। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और लोग एक-दूसरे पर कुर्सियां फेंकते नजर आए, जिससे अफरा-तफरी मच गई। विवाद के दौरान छोटे बच्चों तक से मारपीट किए जाने के आरोप भी सामने आए हैं। घटना में कई लोग घायल हुए, जिनमें से दो बच्चों को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है, वहीं अन्य 1-2 लोगों के घायल होने की भी जानकारी मिली है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करते हुए प्रतियोगिता को बीच में ही बंद करवा दिया। हंगामे के बाद आयोजक भी कार्यक्रम स्थल से रवाना हो गए। पुलिस ने मामले को शांत कराते हुए जांच शुरू कर दी है और संबंधित लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया । इधर, घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें कुश्ती प्रतियोगिता के दौरान लोग एक-दूसरे पर कुर्सियां फेंकते दिखाई दे रहे हैं। थाना कोतवाली पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी शेखर ठाकुर, आयुष ठाकुर, जतिन सभी निवासी इन्दौर की शिकायत के बाद मनीष नामदेव,लोकपाल, कपिल गुर्जर, मयूर मंडवाल के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

### छवि खराब करने की साजिश

श्रीमंत कुश्ती महोत्सव में हुवे बवाल से श्रीमंत विक्रम सिंह पंवार की छवि खराब करने की गई साजिश की गई। जैसा कि महोत्सव का नाम ही श्रीमंत कुश्ती महोत्सव था। विक्रम सिंह पंवार पूर्व मंत्री तुकोजीराव पवार ओर वर्तमान विधायक के पुत्र है ओर इनका जन्मदिन आगामी 3 मई को हे। इनके समर्थकों में कई उत्साही लाल है जो अपने आपको श्रीमंत के सामने बड़ा बताने के चक्कर मे इस तरह के आयोजन कर लेते है ओर उसे सही ढंग से संचालित नही कर पाते है। जिसके चलते राज परिवार की छवि खराब की गई।

# सतवास में कृषि आदान विक्रेताओं की हड़ताल

**सतवास।** कृषि आदान विक्रेता संघ सतवास द्वारा अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर सोमवार को एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल की गई। देशव्यापी आंदोलन के तहत तहसील क्षेत्र में खाद, बीज एवं कीटनाशक विक्रेताओं ने अपनी दुकानें बंद रखीं और प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। एग्रो इनपुट डीलर्स एसोसिएशन के बैनर तले विक्रेता तहसील कार्यालय पहुंचे, जहां विक्रम शर्मा द्वारा ज्ञापन का वाचन किया गया तथा राजस्व निरीक्षक जे.एस. चौहान को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में खाद पर जबरन लिंकिंग पर रोक, डीलर मार्जिन बढ़ाने, एफओआर आपूर्ति सुनिश्चित करने, सैंपल फेल होने पर विक्रेता को दोषी न मानने एवं एक्सपायर्ड कीटनाशक वापस लेने की बाध्यता सहित विभिन्न मांगें रखी गईं। विक्रेताओं ने बताया कि कंपनियों द्वारा यूरिया, डीएपी के साथ अन्य उत्पाद जबरन दिए जाते हैं, जो उचित मूल्य पर नहीं बिक पाते और स्टॉक में फंस जाते हैं, वहीं सीलबंद माल बेचने के बावजूद सैंपल फेल होने पर व्यापारियों को आरोपी बनाया जाता है, जिससे उन्हें अनावश्यक परेशानी होती है। इस दौरान खाद बीज दवाई एसोसिएशन जिंदाबाद एवं व्यापारी एकता जिंदाबाद के नारे लगाए गए और चेतावनी दी गई कि मांगों का जल्द समाधान नहीं होने पर आगामी खरीफ सीजन से पहले अनिश्चितकालीन बंद किया जाएगा, जिससे कृषि उत्पादन प्रभावित हो सकता है।

इसी क्रम में कृषि आदान विक्रेता संघ सतवास तहसील की नवीन कार्यकारिणी का गठन भी किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से राजेश होलानी को अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया तथा उपाध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष व वरिष्ठ सदस्यों का चयन कर कार्यकारिणी का गठन किया गया।

इस अवसर पर विक्रम शर्मा,सुनील गुर्जर, नर्मदा पटेल ,दीपक गुर्जर, रवि यादव, बंटी गुर्जर, ब्रम्हा गुर्जर, विनोद मालू ,अशोक गुर्जर, मुकेश बांगड़वा ,धीरज अग्रवाल ,शीनू टुटेजा , विनोद योगी सहित काटाफोड़, लोहारदा वा सतवास क्षेत्र के सभी कृषि व्यापारी साथी उपस्थित रहे।

# दूल्हे के पिता की कार दुर्घटना में मौत

- शादी की खुशियां मातम में बदली

**देवास ।** बेटे की शादी के बाद घर लौट रहे दूल्हे के पिता की कार हादसे का शिकार हो गई। हादसे में गंभीर रूप से घायल पिता की इलाज के दौरान मौत हो गई, जिससे शादी की खुशियां कुछ ही घंटों में मातम में बदल गईं। कनेरिया निवासी दिनेश दुबे के बेटे का विवाह रविवार रात लोहार पिपलिया में संपन्न हुआ था। सभी रस्में पूरी होने के बाद सोमवार सुबह लड़की पक्ष इंदौर रवाना हो गया था। दिनेश दुबे शादी स्थल से कुछ सामान लेकर कार से अपने गांव कनेरिया लौट रहे थे। इसी दौरान सोमवार सुबह करीब 11 बजे बिलावली के पास उनकी कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। पुलिस के अनुसार हादसे के कारणों का फिलहाल स्पष्ट पता नहीं चल सका है। मामले की जांच जारी है। घायल दिनेश दुबे को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के दौरान ही उनकी मौत हो गई। हादसे की खबर मिलते ही गांव में शोक की लहर दौड़ गई। परिवार के सदस्य गहरे सदमे में हैं।

# खाद-बीज व्यापारियों ने सौंपा ज्ञापन

**कांटाफोड़।** कृषि आदान (खाद, बीज एवं कीटनाशक) व्यापारियों की लंबित समस्याओं को लेकर समस्त खाद बीज एवं दवाई विक्रेता संघ, तहसील सतवास ने प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन कलेक्टर देवास के माध्यम से सौंपा। व्यापारियों ने मांगों के शीघ्र निराकरण की आवश्यकता जताई है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि एग्रो इनपुट डीलर्स एसोसिएशन, नई दिल्ली देशभर के लगभग 5 लाख व्यापारियों का प्रतिनिधित्व करता है। संगठन के अनुसार, पिछले एक दशक से विभिन्न समस्याएं लंबित हैं, जिनके समाधान के लिए कई बार प्रयास किए गए, लेकिन ठोस परिणाम सामने नहीं आए। व्यापारियों ने खाद के साथ जबरन जोड़ने की व्यवस्था पर रोक, कंपनियों द्वारा सड़क तक निःशुल्क आपूर्ति सुनिश्चित करने, डीलर लाभांश में वृद्धि, साथी पोर्टल में सुधार, अवैध बीजों पर सख्ती, पैक सामग्री में गड़बड़ी पर कंपनी की जवाबदेही तय करने, एक्सपायर्ड स्टॉक की वापसी और लाइसेंस प्रक्रिया को सरल बनाने सहित अन्य मांगें रखीं।

**खरीफ फसल को लेकर चिंता**

व्यापारियों का कहना है कि समय पर समस्याओं का समाधान नहीं होने पर आगामी खरीफ फसल की तैयारी प्रभावित हो सकती है, जिससे किसानों को दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है।

**एक नजर में** ▶ इस बार यात्रा में महिलाओं की सहभागिता विशेष रूप से उल्लेखनीय रही

# भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर देवास में निकली भव्य शौर्य यात्रा

**देवास।** ब्राह्मण समाज के आराध्य एवं सनातन संस्कृति के रक्षक भगवान परशुराम जी के जन्मोत्सव के पावन अवसर पर रविवार को शहर में अखिल भारतीय ब्राह्मण महासंघ द्वारा भव्य शौर्य यात्रा धूमधाम से निकाली गई। यह आयोजन अखिल भारतीय ब्राह्मण महासंघ के अध्यक्ष पं. दिनेश मिश्रा के नेतृत्व में संपन्न हुआ। शौर्य यात्रा सायं 6.30 बजे सयाजी द्वार से प्रारंभ होकर एमजी रोड, नावेल्टी चौराहा, सुभाष चौक, गांजा भांग चौराहा, जनता बैंक चौराहा होते हुए जवाहर चौक स्थित विक्रम सभा भवन पहुंची, जहां सहभोज के साथ इसका भव्य समापन किया गया। यात्रा में इस बार यात्रा में महिलाओं की सहभागिता विशेष रूप से उल्लेखनीय रही। महिला मंडल की अध्यक्ष यशोधा शर्मा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में महिलाओं ने पारम्परिक परिधानों में शामिल होकर यात्रा की गरिमा बढ़ाई। पारम्परिक वेशभूषा में सजी महिलाओं ने धर्म, संस्कृति और परिवारिक मूल्यों के संरक्षण का संदेश दिया। हजारों की संख्या मे समाजजन एवं जनप्रतिनिधि गण शामिल हुए।



ब्राह्मण युवा संघ के जिला अध्यक्ष पं. अजय पांडे (छोटू) तथा नगर अध्यक्ष पं. विमल शर्मा ने बताया कि यह यात्रा समाज की एकता, परंपरा और संस्कृति को जागृत करने का प्रतीक है। यात्रा में ढोल-नगाड़ों, शंख ध्वनि, जयघोष और आकर्षक झांकियों मधुर भजनो ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। मुख्य आकर्षणों में समुद्र मंथन, भगवान श्रीनाथ जी को अर्जुन द्वारा सुदर्शन चक्र अर्पित करने की झांकी तथा भगवान परशुराम जी की मनोहारी झांकी विशेष रही। संस्कृति पगारे जोशी एवं विजय जोशी की मधुर प्रस्तुतियों ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया।